NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 13

Chapter Name : नृत्यांगना सुधा चंद्रन

Q1. पाठ से
(क) सुधा के स्वप्नों की इंद्रधनुषी दुनिया में अँधेरा कैसे छा गया?
(ख) डॉ. सेठी ने सुधा के लिए क्या किया?
(ग) सुधा पूरे भारत में कैसे लोकप्रिय हो गई?
Answer:
(क)सुधा चंद्रन एक प्रसिद्ध नृत्यांगना थीं। तिरुचिरापल्ली से मद्रास जाते समय बस दुर्घटना में उनका पैर काटना पड़ा। इससे उनकी स्वप्नों की इंद्रधनुषी दुनिया में अँधेरा छा गया।
(ख)डॉ सेठी ने सुधा चंद्रन के नृत्य शिक्षक से मिलकर नृत्य की विभिन्न मुद्राओं को जाँचा एवं समझा। फिर उसी के अनुरुप कृत्रिम टाँग बनवाकर, सुधा चंद्रन के लगवा दी।
(ग)सुधा चंद्रन ने अपने कृत्रिम पैरों के सहारे मुंबई में आयोजित नृत्य प्रदर्शन में एक अन्य नृत्यांगना के साथ हिस्सा लेकर अभूतपूर्व नृत्य किया। जिससे उनकी लोकप्रियता पूरे भारत में फैल गई।

Page : 77 , Block Name : पाठ से

aglasem.com

Q2. विलोम शब्द लिखो
आशा–निराशा
कठिन–
आदर–
अँधेरा–
आकार–
इच्छा–
Answer:

- आशा–निराशा
- कठिन–सरल
- आदर–अनादर
- अँधेरा – उजाला
- आकार–निराकार
- इच्छा–अनिच्छा

Page : 77 , Block Name : विलोम शब्द लिखो

Q3.सही चिह्न लगाओ

सुधा ने पूछा क्या मैं नाच सकूँगी डॉ. सेठी ने कहा क्यों नहीं प्रयास करो तो सब कुछ संभव है

Answer:
सुधा ने पूछा, “क्या मैं नाच सूकँगी?” डॉ. सेठी ने कहा, “क्यों नहीं, प्रयास करो तो सब कुछ संभव है।”

Page : 77 , Block Name : सही चिह्न लगाओ

Q4.क्या पहले, क्या बाद में

नीचे सुधा चंद्रन के जीवन की कुछ घटनाएँ बताई गई हैं। इन्हें सही क्रम में लगाओ।

- सुधा डॉ. सेठी से मिली।
- सुधा नृत्य का फिर से प्रशिक्षण लेने लगी।
- सुधा ने प्रीति के साथ नृत्य किया।
- सुधा को अभिनय के लिए विशेष पुरस्कार मिला।
- सुधा का पैर काटना पड़ा।
- सुधा ने नृत्य विद्यालय में प्रवेश लिया।

aglasem.com

Answer:
- सुधा ने नृत्य विद्यालय में प्रवेश लिया।
- सुधा का पैर काटना पड़ा।
- सुधा डॉ. सेठी से मिली।
- सुधा नृत्य का फिर से प्रशिक्षण लेने लगी।
- सुधा ने प्रीति के साथ नृत्य किया।
- सुधा को अभिनय के लिए विशेष पुरस्कार मिला।

Page : 77 , Block Name : क्या पहले, क्या बाद में

Q5.एक चुनौती
शारीरिक शब्द में एक साथ ि ी की मात्राओं का प्रयोग होता है। तुम भी ऐसे ही अन्य शब्द खोजो और यहाँ लिखो।
विनती शारीरिक नीति

Answer:

बिजली किसकी मिट्टी

लीजिये मिलिए पीजिये

हिन्दुस्तानी सीमित दीजिये

विद्यार्थी पीजिये रीति

Page : 78 , Block Name : एक चुनौती

Q6.खोजबीन और बातचीत

(क) सुधा के जीवन पर फ़िल्म बनी थी। कुछ अन्य व्यक्तियों के नाम पता करो और लिखो, जिनके जीवन पर फ़िल्में बनाई गई हों।

(ख) सुधा यात्रा के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। पता करो कि यात्रा के दौरान दुर्घटना से कैसे बचा जा सकता है? सावधानियों की सूची बनाओ।

(ग) क्या तुम किसी विकलाँग व्यक्ति को जानते हो? उसके बारे में बताओ।

(घ) कुछ ऐसे विकलाँग व्यक्तियों के नाम लिखो जिन्होंने जीवन में विशेष सफलता प्राप्त की है।

(ङ) भारत के कुछ नृत्यों और नर्तक/नर्तकियों के नाम पता करो और कक्षा में सबको बताओ।

(च) पता करो भारत में मैग्सेसे पुरस्कार किन-किन व्यक्तियों को मिला है।

Answer: (क)कुछ लोग जिनके जीवन पर फिल्में बनी हैं, इस प्रकार हैं

(1) M S धोनी - महेंद्र सिंह धोनी

(2) द लीजेंड ऑफ भगत सिंह- शहीद भगत सिंह

(3) भाग मिल्खा भाग- मिल्खा सिंह

aglasem.com

(ख)यात्रा के दौरान निम्न सावधानियां रखकर हम दुर्घटना से बच सकते हैं-

(1) गाडी चलते समय मोबाइल पर बात नहीं करनी चाहिए|

(2) बस से यात्रा कर रहे हैं तो वह अच्छी हालत में हो|

(3) तेज़ गति से वाहन नहीं चलना चाहिए|

(4) हमेशा यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए ।

(ग) मैं एक विकलांग व्यक्ति को जानता हूं। वह मेरे पिताजी के दफ्तर मेें काम करते हैं। उनका एक पैर सही नहीं है लेकिन उन्होंने कभी भी किसी को इस कमी को लेकर काम करने से मना नहीं किया। हमेशा हर काम को बखूबी करते है। लोगों से बातचीत करना तथा उनकी मदद करना उन्हें बहुत पसंद है। सभी काम वह इस तरह से करते हैं जैसे कि कोई साधारण मनुष्य कर सकता है।

(घ)लुइ ब्रेल- दृष्टिहीन लोगो के लिए ब्रेल लिपि का आविष्कार किया।

अरुणिमा सिन्हा - विकलांग होते हुए भी माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई की और सफलता हासिल की।

(ङ) हमारे देश के कुछ नर्तक/नर्तकियों के नाम इस प्रकार हैं-

(1) पंडित बिरजूमहाराज

(2) शोवना नारायण

(3) मल्लिका साराभाई

(4)उदय शंकर

(च)भारत में कई लोगो को यह पुरस्कार मिल चुका है। इनमें से कुछ नाम निम्नलिखित हैं :

अमिताभ चौधरी - 1961

मदर टेरेसा- 1962

वर्गीस कुरियन - 1963

aglasem.com

त्रिभुवन दास पटेल-1963

संदीप पांडेय-2002

नीलमा मिश्रा -2011

Page : 78 , Block Name :खोजबीन और बातचीत

aglasem.com